भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

25.03.2026 के

अतारांकित प्रश्न सं. 5511 का उत्तर

तेलंगाना से शुरू/समाप्त होने वाली रेलगाड़ियां

5511. श्री वामसि कृष्णा गद्दाम:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत ग्यारह वर्षों के दौरान तेलंगाना में शुरू की गई नई रेल सेवाओं और तेलंगाना से प्रारंभ होने वाली या तेलंगाना में समाप्त होने वाली नई रेल सेवाओं की संख्या का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है, जिसमें एक्सप्रेस रेलगाड़ियां, वंदे भारत सेवाएं और अन्य यात्री सेवाएं शामिल हैं;

(ख) उक्त अवधि के दौरान तेलंगाना में चालू किए गए नए रेल मार्गों/लाइनों का ब्यौरा क्या है, जिनमें प्रमुख नए संपर्क मार्ग भी शामिल हैं, जिनसे पहले से संपर्क विहीन जिलों में संपर्क बढ़ गया है;

(ग) पिछले दशक के दौरान तेलंगाना से संबद्ध नई प्रीमियम तथा उच्च गति सेवाओं जैसे वंदे भारत एक्सप्रेस के परिचालन का ब्यौरा क्या है;

(घ) तेलंगाना से अन्य राज्यों अथवा प्रमुख राष्ट्रीय मार्गों के लिए विस्तारित अथवा प्रारंभ की गई रेल सेवाओं का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और

(ङ) तेलंगाना में क्षेत्रीय रिंग रेलवे तथा ज़िला-स्तरीय रेल संपर्क जैसी प्रस्तावित परियोजनाओं सहित रेल संपर्क तथा यात्री सेवाओं के और विस्तार के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ङ): चूंकि रेल नेटवर्क राज्य की सीमाओं के आर-पार फैला होता है, इसलिए नेटवर्क की आवश्यकतानुसार, इन सीमाओं के आर-पार गाड़ियां परिचालित की जाती हैं। बहरहाल, भारतीय रेल ने 2015-16 से 2025-26 (फरवरी, 2026 तक) के दौरान, 34 जोड़ी गाड़ी सेवाएं शुरू की

हैं, जो प्रारंभिक/समापन के आधार पर, तेलंगाना राज्य में स्थित स्टेशनों की आवश्यकताओं पूरा करती हैं। नीचे दी गई इन गाड़ी सेवाओं में 05 जोड़ी वंदे भारत सेवाएं और 03 जोड़ी अमृत भारत सेवाएं भी शामिल हैं:

क्र.सं.	गाड़ी सं. और नाम
1	20101/20102 नागपुर - सिकंदराबाद वंदे भारत एक्सप्रेस
2	20701/20702 सिकंदराबाद - तिरुपति वंदे भारत एक्सप्रेस
3	20703/20704 काचेगुडा - यशवंतपुर वंदे भारत एक्सप्रेस
4	20707/20708 सिकंदराबाद - विशाखापत्तनम वंदे भारत एक्सप्रेस
5	20833/20834 विशाखापत्तनम - सिकंदराबाद वंदे भारत एक्सप्रेस
6	15293/15294 मुज़फ्फरपुर - चर्लपल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस
7	17041/17042 चर्लपल्ली - तिरुवनंतपुरम नॉर्थ (कोचूवेली) अमृत भारत एक्सप्रेस
8	16357/16358 नागरकोइल - चर्लपल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस
9	19315/19316 इंदौरा - लिंगमपल्ली हमसफर एक्सप्रेस
10	22127/22128 लोकमान्य तिलक (टी) - काजीपेट एक्सप्रेस
11	12795/12796 सिकंदराबाद - विजयवाड़ा एक्सप्रेस
12	11083/11084 लोकमान्य तिलक (टी) - काजीपेट एक्सप्रेस
13	11307/11308 हैदराबाद - गुलबर्ग एक्सप्रेस
14	17021/17022 हैदराबाद - वास्को द गामा एक्सप्रेस
15	17039/17040 सिकंदराबाद - वास्को द गामा एक्सप्रेस
16	22151/22152 पुणे - काजीपेट एक्सप्रेस
17	17605/17606 काजेगुडा - भगत की कोठी एक्सप्रेस
18	18561/18562 विशाखापत्तनम - काचेगुडा एक्सप्रेस
19	57301/57302 काचेगुडा - मेदक पैसेंजर
20	77622/77623 महबूबनगर - जक्लेर डेमू
21	77653/77654 सिद्दीपेट - सिकंदराबाद डेमू
22	77655/77656 सिद्दीपेट - सिकंदराबाद डेमू
23	67787/67788 काचेगुडा - रायचूर मेमू
24	47253/47254 घटकेसर - लिंगमपल्ली ईएमयू
25	47223/47224 सिकंदराबाद - मेडचल एमएमटीएस
26	47225/47226 सिकंदराबाद - मेडचल एमएमटीएस

27	47227/47228 सिकंदराबाद - मेडचल एमएमटीएस
28	47229/47230 सिकंदराबाद - मेडचल एमएमटीएस
29	47221/47222 सिकंदराबाद - मेडचल एमएमटीएस
30	47231/47232 सिकंदराबाद - मेडचल एमएमटीएस
31	47233/47234 सिकंदराबाद - मेडचल एमएमटीएस
32	47235/47236 सिकंदराबाद - मेडचल एमएमटीएस
33	47237/47238 सिकंदराबाद - मेडचल एमएमटीएस
34	47239/47240 सिकंदराबाद - मेडचल एमएमटीएस

वंदे भारत सेवाएं

वर्तमान में, तेलंगाना राज्य में स्थित स्टेशनों को आरंभिक/समापन आधार पर सेवित करने वाली 05 जोड़ी वंदे भारत चेयर कार सेवाओं की सूची निम्नानुसार है:

क्र.सं.	गाड़ी सं. और नाम
1	20101/20102 नागपुर - सिकंदराबाद वंदे भारत एक्सप्रेस
2	20701/20702 सिकंदराबाद - तिरुपति वंदे भारत एक्सप्रेस
3	20703/20704 काचेगुडा - यशवंतपुर वंदे भारत एक्सप्रेस
4	20707/20708 सिकंदराबाद - विशाखापत्तनम वंदे भारत एक्सप्रेस
5	20833/20834 विशाखापत्तनम - सिकंदराबाद वंदे भारत एक्सप्रेस

सेवाओं का विस्तार:

2020-21 और 2025-26 (फरवरी, 2026 तक) की अवधि के दौरान तेलंगाना राज्य में स्थित स्टेशनों से विस्तारित की गई गाड़ियों का ब्यौरा निम्नानुसार है:

क्र.सं.	गाड़ी सं. और नाम	तक विस्तारित की गई
1	17693/17694 काचेगुडा - गडवाल डेमू	रायचूर
2	17019/17020 जयपुर - हैदराबाद एक्सप्रेस	हिसार
3	17663/17664 तांडुर - परभनी एक्सप्रेस	रायचूर
4	17653/17654 काचेगुडा - चेंगलपट्टु एक्सप्रेस	पुडुचेरी
5	17655/17656 काकीनाडा - चेंगलपट्टु एक्सप्रेस	पुडुचेरी
6	12785/12786 काचेगुडा - मैसूरू एक्सप्रेस	अशोकापुरम
7	12789/12790 काचेगुडा - मंगलुरू एक्सप्रेस	मुर्देश्वर
8	17015/17016 भुवनेश्वर - सिकंदराबाद एक्सप्रेस	भुवनेश्वर न्यू

इसके अलावा, नई रेल सेवाएं शुरू करना/विस्तार करना सतत प्रक्रिया है, जो विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है, जिसमें शामिल हैं:

- **संबंधित खंड की क्षमता**
- **पथ की उपलब्धता**
- **अपेक्षित चल स्टॉक की उपलब्धता**
- **चल स्टॉक के लिए उपयुक्त अवसंरचना की उपलब्धता**
- **रेलपथ और अन्य परिसंपत्तियों की अनुरक्षण आवश्यकता**
- **खंड की अधिभोगिता और यातायात आवश्यकता**

तेलंगाना - बजट आवंटन और परियोजनाएं:

रेल बजट:

हाल ही के वर्षों में बजट आवंटन में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है। तेलंगाना राज्य में पूर्णत:/अंशत: पड़ने वाली ऐसी अवसंरचना संबंधी परियोजनाओं और संरक्षा कार्यों के लिए बजट आवंटन निम्नानुसार है:

अवधि	**परिव्यय**
2009-14	**886 करोड़ रुपए/वर्ष (आंध्र प्रदेश सहित)**
2025-26	**5,337 करोड़ रुपए**

रेलपथ निर्माण:

वर्ष 2009-14 और वर्ष 2014-25 के दौरान तेलंगाना राज्य में पूर्णतः/अंशत: पड़ने वाले नए रेलपथ की कमीशनिंग/बिछाने के कार्यों का ब्यौरा निम्नानुसार हैं:

अवधि	**कमीशन किए गए रेलपथ**	**नए रेलपथों की औसत कमीशनिंग**
2009-14	**87 कि.मी.**	**17.4 कि.मी. प्रति वर्ष**
2025-26	**774 कि.मी.**	**70.4 कि.मी. प्रति वर्ष (4 गुना से अधिक)**

स्वीकृत की गई परियोजनाएं:

01.04.2025 की स्थिति के अनुसार, तेलंगाना राज्य में पूर्णत:/अंशत: पड़ने वाली 35,045 करोड़ रुपए लागत की 2,166 किलोमीटर कुल लंबाई की 20 रेल परियोजनाएं (6 नई लाइनें और 14 दोहरीकरण) स्वीकृत की गई हैं। इसका सारांश निम्नानुसार है:-

कोटि	परियोजनाओं की संख्या	कुल लंबाई (किलोमीटर में)	मार्च, 2025 तक कमीशन की गई लंबाई (किलोमीटर)	मार्च, 2025 तक किया गया कुल व्यय (करोड़ रुपए में)
नई लाइनें	6	840	245	4,611
दोहरीकरण/मल्टीट्रैकिंग	14	1,326	303	6,939
कुल	20	2,166	548	11,550

हाल ही में पूरी की गई परियोजनाएं:

तेलंगाना राज्य में पूर्णतः/अंशतः पड़ने वाली तथा हाल ही में पूरी हुई कुछ परियोजनाओं का विवरण निम्नानुसार है:

क्र. सं.	परियोजना का नाम	लागत (करोड़ रु. में)
1	पेद्दपल्ली- निज़ामाबाद नई लाइन (178 किलोमीटर)	926
2	जग्गय्यपेट-जनपहाड़ नई लाइन (48 किलोमीटर)	737
3	अक्कनपेट - मेडक नई लाइन (17 किलोमीटर)	205
4	भद्राचलम रोड-सत्तुपल्ली नई लाइन (56 किलोमीटर)	990
5	राघवपुरम-मंदमारि दोहरीकरण (24 किलोमीटर)	165
6	रायचूर-गुंतकल दोहरीकरण (81 किलोमीटर)	388
7	सिकंदराबाद- महबूबनगर दोहरीकरण (85 किलोमीटर)	1,266
8	मल्टी-मोडाल ट्रांसपोर्ट सिस्टम (एमएमटीएस) चरण-II, हैदराबाद (103 किलोमीटर)	1,156
9	पेद्दपल्ली में बाईपास लाइन (2 किलोमीटर)	37

चालू परियोजनाएं:

तेलंगाना राज्य में पूर्णतः/अंशतः पड़ने वाली कुछ परियोजनाएं जो हाल ही में शुरू की गई हैं, इस प्रकार हैं:

क्र. सं.	परियोजना का नाम	लागत (करोड़ रु. में)
1	मनोहराबाद-कोत्तपल्ली नई लाइन (151 किलोमीटर)	2,781
2	मल्कानगिरी-पांडुरंगपुरम नई लाइन (174 किलोमीटर)	3,592
3	काज़ीपेट-विजयवाड़ा-तीसरी लाइन (220 किलोमीटर)	3,315
4	काजीपेट-बल्लारशाह-तीसरी लाइन (202 किलोमीटर)	3,183
5	गुंटूर- बीबीनगर दोहरीकरण (239 किलोमीटर)	2,853
6	मुदखेड़-मेडचल-डोन दोहरीकरण (417 किलोमीटर)	4,686
7	भद्राचलम रोड-डोर्नकल दोहरीकरण (55 किलोमीटर)	770
8	मोटूमारी-विष्णुपुरम दोहरीकरण और मोटूमारी पर आरओआर (100 किलोमीटर)	1,596
9	नष्कल (पिनडियाल)-हसनपर्ती रोड बाईपास (25 किलोमीटर)	465
10	सिकंदराबाद (सनथनगर)- वाडी तीसरी और चौथी लाइन (173 किलोमीटर)	5,012
11	डोर्नकल में रेल ओवर रेल (आरओआर) फ्लाईओवर (11 किलोमीटर)	327

तेलंगाना राज्य में पूर्णत:/अंशत: पड़ने वाली महत्वपूर्ण अवसंरचना परियोजनाओं का निष्पादन भूमि अधिग्रहण में देरी के कारण रुका हुआ है। तेलंगाना में भूमि अधिग्रहण की स्थिति इस प्रकार है:

कुल अपेक्षित भूमि	2,343 हैक्टेयर
अधिगृहीत भूमि	1,580 हैक्टेयर (67%)
अधिग्रहण किए जाने हेतु शेष भूमि	764 हैक्टेयर (33%)

भूमि अधिग्रहण के कारण विलंबित कुछ प्रमुख परियोजनाओं का विवरण निम्नानुसार है:-

क्र. सं.	परियोजना का नाम	कुल अपेक्षित भूमि (हैक्टेयर में)	अधिगृहीत भूमि (हैक्टेयर में)	अधिग्रहण किए जाने हेतु शेष भूमि (हैक्टेयर में)	राज्य को भुगतान की गई राशि (करोड़ रुपए में)
1.	गुंटुर-बीबीनगर दोहरीकरण	31	0	31	40
2.	मुदखेड़-मेडचल और महबूबनगर-डोन दोहरीकरण	70	0	70	30
3.	काजीपेट-विजयवाड़ा तीसरी लाइन	135	118	17	159
4.	मनोहराबाद - कोत्तपल्ली नई लाइन	1146	1050	96	-

क्षेत्र में अतिरिक्त संपर्कता प्रदान करने के लिए, हैदराबाद की क्षेत्रीय रिंग रोड की परिधि में बाहरी रिंग रेल (536 कि.मी.) नई लाइन के लिए अंतिम स्थान-निर्धारण सर्वेक्षण को स्वीकृति दी गई है ताकि विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की जा सके। सर्वेक्षण का कार्य शुरू किया गया है।

विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के बाद, परियोजना की स्वीकृति के लिए राज्य सरकारों सहित विभिन्न हित-धारकों के साथ परामर्श और आवश्यक अनुमोदन जैसे नीति आयोग, वित्त मंत्रालय आदि के समीक्षा की आवश्यकता होती है। चूंकि परियोजनाओं की स्वीकृति एक निरंतर और गतिशील प्रक्रिया है, इसलिए सटीक समय-सीमा विभिन्न हितधारकों द्वारा समीक्षा और अनुमोदन पर निर्भर करती है।

किसी भी रेल परियोजना की स्वीकृति कई मानदंडों/कारकों पर निर्भर करती है, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- **अनुमानित यातायात पूर्वानुमान और प्रस्तावित मार्ग की लाभप्रदता**
- **परियोजना द्वारा प्रदान की गई पहली और अंतिम स्थान पहुंच संपर्कता**
- **अनुपलब्ध कड़ियों को जोड़ना और अतिरिक्त मार्ग प्रदान करना**
- **संकुलित/संतृप्त लाइनों का विस्तार**
- **राज्य सरकारों/केंद्रीय मंत्रालयों/जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाई गईं मांगें**
- **रेलवे की अपनी परिचालनिक आवश्यकताएँ**
- **सामाजिक-आर्थिक महत्व**
- **निधियों की समग्र उपलब्धता**

रेल परियोजना/परियोजनाओं का पूरा होना कई कारकों पर निर्भर करता है, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- **राज्य सरकार द्वारा भूमि अधिग्रहण**
- **वन संबंधी स्वीकृति**
- **अतिलंघनकारी जनोपयोगी सुविधाओं का स्थानांतरण**
- **विभिन्न प्राधिकरणों से सांविधिक स्वीकृतियाँ**
- **क्षेत्र की भूवैज्ञानिक और स्थलाकृतिक परिस्थितियाँ**
- **परियोजना स्थल के क्षेत्र में कानून और व्यवस्था की स्थिति**
- **परियोजना स्थल विशेष के लिए वर्ष में कार्य करने के महीनों की संख्या आदि।**

ये सभी कारक परियोजना/परियोजनाओं के समापन समय और लागत को प्रभावित करते

****